प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की खेल संस्कृति को दी है नई दिशा।
2. दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने पेश की मजबूत दावेदारी : वेस्ट टु एनर्जी और स्टील परियोजना के लिये किये 12 हजार करोड़ रुपय के करार।
3. उत्तर प्रदेश दिवस पर सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का होगा शुभारंभ : सभी न्याय पंचायतों में लगेगी शिक्षा चौपाल।

और

4. अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आज पूरे हुए दो वर्ष : ओडिशा से आये प्रतिनिधि मंडल ने उपहार स्वरूप भेंट किया पंचधातु से बना धनुष।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ के सलावा स्थित प्रदेश के पहले मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 मई 2026 तक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू करना सुनिश्चित किया

जाए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में खेलों को लेकर एक नई संस्कृति विकसित हुई है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमंट और सांसद खेल प्रतियोगिताओं ने खेलों को नई दिशा दी है। बाइट......

*खेलो इंडिया खेलो फिट इंडिया मूवमेंट सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने जहां एक नई खेल संस्कृति को जन्म दिया है। वहीं आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने भी हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान हो ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम जनपद स्तर पर एक स्टेडियम का निर्माण विधायक खेलकूद प्रतियोगिता और ग्रामीण लीग की प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस खेल संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान करने का प्रयास किया है।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुरथल स्थित नागेवाला धाम में मूर्ति प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में भी हिस्सा लिया।

————————————

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल दावोस में चल रही विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में हिस्सा ले रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सेल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ लगभग 8 हजार करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं राज्य के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सिफी टेक्नोलॉजीज़ के साथ एक हजार 600 करोड़ रुपए के निवेश के लिए करार किया है। कृषि अवशेष से

संबंधित वेस्ट–टू–एनर्जी परियोजनाओं के लिए भी करीब 8 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव और स्टील परियोजना के लिये 4 हजार करोड़ रुपये के करार किये गये हैं। प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज एक प्रगतिशील राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश निवेशकों को एक सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान कर रहा है।

**बाइट......**

*उत्तर प्रदेश एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में उभरा है और यहां पर सबसे अच्छा क्योंकि लैंड बैंक भी हमारे पास है, पॉलिसीज भी हमारे पास है और इंसेंटिव्स भी सब बड़े पैमाने पर इंसेंटिव्स दे रहे हैं। हम जो लोगों को इंडस्ट्री में इंसेंटिव दे रहे हैं इसलिए आज उत्तर प्रदेश में लोग आकर्षित हो रहे हैं और सबसे बड़ी बात तो यह है कि लाइन डाटा की वजह से लोग ज्यादा आकर्षित होते हैं कि हमें सबसे सेफ मालूम होता है।*

————————————

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 24 जनवरी को राजधानी लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के तार पर संबोधित करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे। श्री शाह कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025–26 का वितरण भी करेंगे। लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री 'एक जनपद–एक

व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद–जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके।

————————————

24 जनवरी को यूपी दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में निपुण भारत मिशन के तहत प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यूपी दिवस के अवसर पर 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट......

*शिक्षा चौपाल का उद्देश्य अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और स्थानीय जनसमुदाय को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों से जोड़ना है। साथ ही बच्चों की भाषायी और गणितीय दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर आयोजन के निर्देश दिए हैं। आयोजन में शिक्षा चौपाल के माध्यम से बाल वाटिका के प्रभावी संचालन, बच्चों के नामांकन और नियमित उपस्थिति और शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा चौपाल के आयोजन के लिए दस हजार रुपए प्रति न्याय पंचायत की दर से धनराशि स्वीकृत की गई है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में कल ब्लैक आउट मॉकड्रिल की जाएगी। इसके तहत कल शाम 6 बजे सभी जिलों में बिजली कट जाएगी और हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन बजेंगे। यह मॉकड्रिल हवाई हमले से बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए की जाएगी। इस दौरान प्रदेशभर के अधिकारियों को मॉकड्रिल की तैयारियों के लिए निर्देश दिए गए हैं।

———————————

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आज दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में ओडिशा से एक भव्य धनुष श्रीरामलला को भेंट किया गया। 286 किलो के वज़न वाले इस धनुष को लेकर ओडिशा के राउरकेला से एक शोभायात्रा आज अयोध्या पहुंची। पंचधातु से बने इस कोदंड को तमिलनाडु के कांचीपुरम की 48 महिलाकारीगरों ने आठ महीनों में तैयार किया है। लगभग आठ फीट लंबे इस

कोदंड पर कारगिल युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक की सैन्य वीरता और शहीदों के नाम अंकित हैं। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बीते दो वर्षों में अयोध्या में हुए विकास ने रामनगरी की तस्वीर बदल दी है। देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। पेश है एक रिपोर्ट......

*श्रीरामलला की प्राण–प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धार्मिक आस्था का केंद्र बनने के साथ राष्ट्रीय चेतना का स्तंभ भी बनी है। वर्ष 2025 में जनवरी से जून के बीच लगभग 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक रामनगरी आए। लगभग 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं से अयोध्या को विश्व स्तर के शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट, चौड़ी और सुदृढ़ सड़कों का नेटवर्क, आधुनिक रेलवे स्टेशन, रामपथ, भक्तिपथ ये सब अयोध्या को एक आधुनिक तीर्थ और पर्यटन नगरी में बदल रहे हैं। अयोध्या मंडल में 19 गांवों को विशेष रूप से होम स्टे विकास के लिए चयनित किया गया है। होटल, होम–स्टे, गाइड, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यवसायों को नई पहचान मिली। विरासत से विकास तक की इस यात्रा ने अयोध्या को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दी है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

उधर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना औरदेशभर से आए पीठासीन अधिकारी आज अयोध्या पहुंचे।इन सभी अतिथियों ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी ने अयोध्या प्रशासनकी व्यवस्थाओं की सराहना की।

————————————

भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ द्वारा आज प्रयागराज में वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। इस कार्यशाला में विकसित भारत जी राम जी कानून और केंद्र सरकार की जन कल्याण की नीतियो और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी , प्रदेश के पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल समेत अन्य विशेषज्ञों ने संबोधित किया ।

————————

राजधानी लखनऊ और आसपास क ज़िलों में आज धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। हालांकि पश्चिमी जनपदों में कोहरे और शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश के साथ ओले गिरने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)